FROM : SSP-OFFICE FAX NO. : 01352716203 23 Jan. 2008 10:43PM P1

2
12/11/18

**फैक्स**

1580/GR
16/11/18

# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद देहरादून

9491

दिनांक: नवम्बर , 2018

पत्रांक: आर0आई0–मुल्जिम कमान / 2018

12 NOV 2018

सेवा में,

मानननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश / जिलाधिकारी / वरिष्ठ / पुलिस अधीक्षक, रोहणी कोर्ट, तीस हजारी, पटियाला हाउस, द्वारिका कोर्ट, साकेत, कड़कड़डूमा कोर्ट (दिल्ली), मुम्बई / लुधियाना, राजपुरा, भोगा, बाघापुराना (पंजाब) / पंचकुला, बिलासपुर, करनाल, अम्बाला, यमुनानगर, जगाधरी, पानीपत, सोनीपत (हरियाणा) / बीकानेर, जयपुर, भरतपुर (राजस्थान) / नासिक (महाराष्ट्र) आनन्द (गुजरात) / जबलपुर (मध्यप्रदेश) / मु0नगर, सहारनपुर, मुरादाबाद, कैराना, नजीबाबाद, बरेली, बदायूं, रामपुर, हापुड़, गाजियाबाद, बिजनौर चांदपुर, बागपत, पीलीभीत, गौतमबुद्धनगर, आगरा, मेरठ, शाहजहांपुर, अलीगढ (उ0प्र0) / पौंटासाहिब, सिरमौर, शिमला (हि0प्र0) / हरिद्वार, लक्सर, रूड़की, टिहरी, रूद्रप्रयाग, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, हल्द्वानी, नैनीताल, काशीपुर, खटीमा, उधमसिंहनगर, रूद्रपुर, नरेन्द्रनगर, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, राजकीय नारी निकेतन, किशोर न्याय बोर्ड (उत्तराखण्ड)।

**विषय : नगर निकाय स्थानीय सामान्य निर्वाचन–2018 को दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 15.11.2018 से दिनांक 21.11.2018 के मध्य पेश किये जाने वाले कुख्यात / प्रशासनिक विचाराधीन बन्दियों / कैदियों की पेशी उक्त तिथियों के उपरान्त निर्धारित किये जाने विषयक।**

कृपया उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि जनपद देहरादून मे नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2018 की तिथियां नियत होने के कारण निर्वाचन को सम्पन्न कराने हेतु जनपद का अधिकतम पुलिस बल नियुक्त किया जाना है, जो दिनांक 15.11.2018 से दिनांक 21.11.2018 तक मतदान / मतगणना एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी मे नियुक्त रहेगा। जिस कारण विचाराधीन बन्दियों / कैदियों को जिला कारागार से माननीय न्यायालयों में पुलिस बल की कमी के कारण पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रस्तुत किया जाना संभव नही हो पायेगा।

अतः अनुरोध है कि दिनांक **15.11.2018** से दि0 **21.11.2018** तक की अवधि के मध्य पेश किये जाने वाले विचारधीन बन्दियों / कैदियों की पेशी तिथि को अवमुक्त करने एवं उक्त समयावधि के उपरान्त पेशी तिथियां नियत करने की कृपा करें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
देहरादून।

**प्रतिलिपि:–**

1. महानिरीक्षक, कारागार, उत्तराखण्ड को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. पुलिस उपमहानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र, उत्तराखण्ड को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जेल अधीक्षक, जिला कारागार देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।